Title: Need for construction of a bye-pass at Ranchi, Bihar.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) : महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान रांची बाई-पास की ओर दिलाना चाहता हूं। इस कार्य का सर्वे भी हो चुका है किन्तु अभी तक कार्य शुरु नहीं किया गया है। बाई-पास के न होने से वाहनों को शहर के बीच में से जाना पड़ता है जिससे अक्सर यातायात जाम हो जाता है। इससे पैट्रोल की खपत भी ज्यादा होती है और दुर्घटनाएं भी ज्यादा होती हैं। रांची बिहार की द्वितीय राजधानी है और झारखंड की राजधानी भी होने जा रही है। कई छोटे-छोटे शहरों में बाईपास की व्यवस्था है। इस शहर की आबादी लगभग १० लाख के करीब है। आदिवासी लोगों एवं आदिवासी क्षेत्रों के विकास की गतिविधियां इसी क्षेत्र से क़ियान्वित होती हैं।

मेरा सरकार से इस सदन के माध्यम से अनुरोध है कि रांची में बाई-पास का निर्माण शीघ्र किया जाए।